राज्यपाल सचिवालय,
लोक भवन जयपुर

क्रमांकः— P.18( )/RB/Pv/Store/2017—18/778 दिनांकः— 03 फरवरी, 2026

नीलामी की विस्तृत सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जात है कि राज्यपाल सचिवालय, लोक भवन, सिविल लाईन्स, जयपुर के अनुपयोगी/अप्रचलित/टूटे—फूटे स्टोर्स यथा धात्विक/लकड़ी/प्लास्टिक फर्नीचर एवं इलेक्टॉनिक उपकरण आदि, जिनका कुल पुस्तक मूल्य राशि रूपये 46,17,022/—(अक्षरे राशि रूपये छियालीस लाख सत्रह हजार बाईस मात्र) है, के अनुसार नीलाम किया जाना है। उक्त नीलामी दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे लोक भवन परिसर, जयपुर में होगी। इच्छुक फर्म/व्यक्ति नियत तिथि को उपस्थित होकर अमानत राशि रूपये 50,000/—(अक्षरे राशि रूपये पचास हजार मात्र) जमा कराकर बोली में भाग ले सकेंगे। उक्त बोली में अधिकतम बोलीदाता फर्म/व्यक्ति के पक्ष में बोली छोडने अथवा नहीं छोडने का अधिकार सचिव, माननीय राज्यपाल के पास सुरक्षित रहेगा। नीलामी से संबंधित अन्य विवरण व शर्तें लोक भवन की Website:www.lokbhavan.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अन्य शर्तें निम्नानुसार होगीः—

1. नीलामी स्वीकृत होने पर उसी समय पूर्ण राशि जमा करवा कर सामान को उसी कार्य दिवस में उठाना होगा जिसकी मजदूरी व परिवहन व्यय बोलीदाता का होगा।
2. बिना कोई कारण बताये बोली रद्द करने का अधिकार निलामी समिति के पास रहेगा।
3. सफल बोलीदाता नीलामी राशि जमा नहीं करवाता है तो अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
4. असफल बोलीदाता की अमानत राशि नीलामी प्रकिया पूर्ण होते ही वापस लौटा दी जायेगी।
5. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।
6. नीलामी द्वारा विक्रय किये गये माल पर देय वस्तु एवं सेवा कर व अन्य प्रकार के समस्त करों को अलग से क्रेता को चुकाना होगा।
7. नीलामी की अन्य शर्तो के बारे में किसी भी कार्यालय दिवस को कार्यालय समय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

—sd—
(मुकेश कुमार कलाल)
कार्यालयाध्यक्ष
राज्यपाल सचिवालय

क्रमांकः— P.18( )/RB/Pv/Store/2025—26/779 दिनांकः— 03 फरवरी, 2026

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को एक राष्ट्रीय स्तरीय समाचार पत्र एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु तथा NITs प्रकाशित करने वाले किसी एक टेड जर्नल में साथ ही DIPR की वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु (7 अतिरिक्त प्रतियों सहित)।
2. निजी सचिव, सचिव, राज्यपाल, लोक भवन, जयपुर।
3. कन्ट्रोलर, राज्यपाल हाउस होल्ड, लोक भवन, जयपुर को उपरोक्तानुसार सूचियों की छाया प्रति सहित।
4. अतिरिक्त निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क प्रकोष्ठ, राज्यपाल सचिवालय, को निदेशालय, जन सम्पर्क विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर से समन्वय स्थापित कर शीघ्र प्रकाशन करावें।
5. प्रोग्रामर, राज्यपाल सचिवालय, लोक भवन, जयपुर को लोक भवन की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. संबंधित अनुभाग सामान्य स्टोर/कैटरिंग/ई.पी.ए.बी.एक्स/वर्क्स व उद्यान अनुभाग लोक भवन जयपुर को संलग्न सर्वे रिपोर्ट की प्रति के अनुसार निस्तारण योग्य अप्रचलित/अनुपयोगी सामान उक्त निर्धारित दिनांक को नीलामी स्थल पर रखवाने हेतु।
7. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा।

कार्यालयाध्यक्ष